**Seventeenth Loksabha**

an>

Title : Need to depute Central Armed Police Forces in Darbhanga, Bihar keeping in view the increasing terrorist activities in the region -laid.

**श्री गोपाल जी ठाकुर (दरभंगा):** दरभंगा, उतर बिहार व मिथिला का केंद्र है एवं भौगोलिक दृष्टि से यह स्थान काफी महत्वपूर्ण है । दरभंगा का अतीत अत्यंत गौरवशाली है, यह विद्वानों की धरती रही है । पूर्व से ही दरभंगा के लिए सुरक्षा अत्यंत चिंता का विषय बना रहा है । यह क्षेत्र काफी शांतिप्रिय है एवं क्षेत्र के लोग मृदु भाषी होते है । इसी का फायदा लेकर आतंकी संगठनों के लिए यह पूरा क्षेत्र एक सुरक्षित स्थल बनता जा रहा है और कई मामलों में यहां के संदिग्ध लोगों के तार पाकिस्तान व आतंकी संगठनों से जुड़े हुए पाये गये है ।

विदित हो कि इंडियन मुजाहिद्दीन के आतंकवादी इस क्षेत्र में सक्रिय रहे है । इंडियन मुजाहिद्दीन के कुख्यात आंतकवादी यासीन भटकल, तहसीन अख्तर के तार भी इस क्षेत्र से जुड़े हुए पाये गये थे । ज्ञात हो कि पिछले वर्ष भी शहर के मध्य में एक अति शक्तिशाली ब्लास्ट हुआ था, जिसमें स्थानीय स्तर पर काफी क्षति भी हुई थी, लेकिन उसकी जांच को भी ठंडे बस्ते में डाल दिया गया । वर्तमान में बीते दिनों दरभंगा रेलवे स्टेशन पर भी कपड़े के बंडल में एक केमिकल ब्लास्ट हुआ है, जिसके तार पाकिस्तान से जुड़े है । ऐसे कई असामान्य व राष्ट्र विरोधी घटनाएं आए दिन होती रहती हैं , जिससे यह प्रमाणित होता है कि पूर्व के आतंकियों ने इस क्षेत्र में रहकर अपने नेटवर्क को बढ़ाने का कार्य किया है ।महोदय, सुरक्षा जैसे अति संवेदनशील मुद्दों पर थोड़ी सी भी चूक काफी घातक सिद्ध हो सकती है, ऐसे में मैं माननीय गृह मंत्री जी से आग्रह करता हूं कि सभी केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों को इस क्षेत्र में इंटेलिजेंस मजबूत करने, सभी महत्वपूर्ण संस्थानों की सुरक्षा व्यवस्था पर पैनी नजर रखने एवं आंतरिक सुरक्षा

की दृष्टिकोण से किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए केंद्रीय पुलिस बल की तैनाती दरभंगा में करने की कृपा करें ।